हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 8 फरवरी 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 23.2 डिग्री
न्यूनतम 11.2 डिग्री

4
अकादमिक उत्कृष्टता के लिए नॉटिंघम ट्रेंट विश्वविद्यालय के साथ एमओयू



## खबर संक्षेप

### बाइक भिड़ंत में एक युवक की मौत, तीन घायल

**बलरामपुर।** बाइक भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि मामले की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि तातापानी चौकी अंतर्गत ग्राम सिन्दूर निवासी 18 वर्षीय मंगलेश्वर सिंह आ. उजीत सिंह अपने दोस्त 18 वर्षीय चंद्रकांत सिंह के साथ वैवाहिक कार्ड बांटने के लिए ग्राम अमडंडा रिश्तेदार के घर गया हुआ था। कार्ड बांटकर दोनों युवक देर शाम वापस ग्राम सिन्दूर लौट रहे थे इस दौरान बाइक सवार दो युवकों से उनकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चालाक मंगलेश्वर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरे बाइक सवार दो अन्य लोग भी घायल हुए है। घायलों में दो युवकों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है जबकि चंद्रकांत का उपचार बलरामपुर जिला अस्पताल में चल रहा है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक मंगलेश्वर ने हेलमेट नहीं पहना था और सिर पर गंभीर चोट के कारण ही उसकी मौत हुई। इधर युवक की मौत के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई है और क्षेत्र में शोक का माहौल है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा

**मनेन्द्रगढ़।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय में आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का नौवां संस्करण विद्यार्थियों के लिए उत्साह और प्रेरणा से भरपूर रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संवाद को सुनते हुए छात्र-छात्राओं ने परीक्षा से जुड़े तनाव को दूर करने और बेहतर तैयारी के लिए कई उपयोगी टिप्स सीखे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करना और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना रहा। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि परीक्षा को बोझ नहीं बल्कि उत्सव की तरह लें। उन्होंने समय प्रबंधन, स्वस्थ जीवनशैली और मानसिक संतुलन बनाए रखने पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को रोजाना अपने कार्यों की योजना बनाने, साथियों के साथ सहयोग बढ़ाने और निरंतर अभ्यास करने की सलाह दी। कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रामाश्रय शर्मा, एपीसी सूर्योदय सिंह, एडीपीओ गणेश यादव सहित शिक्षक सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### डिजिटल किसान आईडी कार्ड बनवाना अनिवार्य

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र के डिजिटलीकरण के अंतर्गत किसानों के लिए डिजिटल किसान आईडी कार्ड बनाया जाना अनिवार्य किया गया है। कलेक्टर एमसीबी डी. राहुल वेंकट द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि किस आईडी निर्माण के लिए व्यापक जागरूकता प्रसार करने के साथ ही किसानों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। जिले के सभी कृषकों को शीघ्र अपना डिजिटल किस आईडी बनवाना आवश्यक है ताकि वे शासन की विभिन्न योजनाओं से वंचित न रहे। डिजिटल किसान आईडी कार्ड के माध्यम से किसानों को निम्न प्रमुख सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। इसमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि अनुदान एवं अन्य शासकीय योजनाएं, सेवा सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय, कृषि ऋण एवं अन्य कृषि संबंधी सेवाएं शामिल है। किसानों से अपील की जाती है कि वे शीघ्र अपना डिजिटल किसान आईडी कार्ड बनवाकर डिजिटल कृषि को बढ़ावा देने में सहभागी बनें।

## संभाग की पहली नवाचारी सिंचाई परियोजना का कार्य पूर्ण

# बिना बिजली और डीजल होगी 100 एकड़ खेतों में सिंचाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में नवाचार आधारित सिंचाई व्यवस्था को सशक्त करते हुए पोंगरो एनीकट हइड्रो पावर आधारित पम्पिंग योजना अब पूर्ण हो चुकी है। सरगुजा संभाग की यह पहली योजना विकासखंड कांसाबेल के ग्राम पंचायत पोंगरो में घुघरी नदी पर निर्मित की गई है। इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह पूर्णतः शून्य कार्बन उत्सर्जन पर आधारित है।

योजना में किसी भी प्रकार की पारंपरिक ऊर्जा जैसे बिजली, डीजल, पेट्रोल या सौर ऊर्जा का उपयोग नहीं किया गया है। केवल नदी के जल प्रवाह से उत्पन्न हाइड्रो पावर के माध्यम से टरबाइन चलाकर पानी का उद्वहन किया जा रहा है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विगत दिवस इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निरीक्षण अध्यक्ष जिला पंचायत सालिक साय एवं कलेक्टर रोहित व्यास ने किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि, परियोजना का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शीघ्र ही मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा इसका लोकार्पण प्रस्तावित है।



### किसानों को मिलेगा प्रत्यक्ष लाभ

इस अभिनव परियोजना से लगभग 100 एकड़ रबी एवं 40 एकड़ ग्रीष्मकालीन जायद फसल क्षेत्र को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी, जिससे करीब 50 परिवार लाभान्वित होंगे। खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए पक्की सिंचाई नहरों एवं नालियों का निर्माण भी किया गया है, जिससे जल का समुचित वितरण सुनिश्चित हो सके। 2 करोड़ 68 लाख रुपए की लागत से निर्मित यह योजना जिला प्रशासन जशपुर द्वारा जिला खनिज न्यास निधि, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम तथा जल संसाधन संभाग जशपुर के तकनीकी अभिसरण से पूर्ण की गई है।

### हरित विकास की दिशा में मील का पत्थर

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कलेक्टर ने इसे किसानों के लिए दीर्घकालिक लाभकारी और पर्यावरण अनुकूल परियोजना बताया। उन्होंने कहा कि, यह योजना भविष्य में प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के लिए भी एक मॉडल के रूप में कार्य करेगी। मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तावित लोकार्पण के पश्चात यह परियोजना जशपुर जिले में सतत कृषि एवं हरित विकास की नई पहचान बनेगी।

### हाइड्रो पावर से संचालित अभिनव सिंचाई योजना

इस योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु के डॉ पुनीत सिंह द्वारा तकनीकी परामर्श प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रोजेक्ट के कार्य को तेजी से पूर्ण किया गया। यह योजना आधुनिक विज्ञान और स्थानीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है। योजना अंतर्गत पूर्व निर्मित एनीकट से लगभग 100 मीटर डाउनस्ट्रीम में प्लेटफॉर्म बनाकर एक टरबाइन पम्प स्थापित किया गया है। इस पम्प के माध्यम से नदी तल से लगभग 12 मीटर ऊंचाई तक तथा 200 मीटर दूर निर्मित वितरण टंकी में अधिकतम 17 लीटर प्रति सेकंड की दर से पानी भरा जाता है। इससे रबी एवं ग्रीष्म फसलों के लिए निरंतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

# गर्भवती महिला मृत मिली पति बच्ची को लेकर फरार

**जशपुरनगर।** जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका का शव घर के भीतर बिस्तर पर पड़ा मिला, जबकि उसका पति अपनी दो साल की बच्ची को लेकर फरार है।

परिजनों ने सिर पर गंभीर चोट के निशान देखकर हत्या की आशंका जताई है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी जेठू विश्वकर्मा उम्र 45 वर्ष, निवासी बैलसुंगा ने जबानी मर्ग सूचना दर्ज कराई कि, उनकी बेटी कमला विश्वकर्मा ने ग्राम डोडीबहार के स्वदेश उर्फ सुदेश राम कोरवा को पसंद कर उसके साथ विवाह जैसा संबंध बना लिया था। दोनों की एक करीब दो साल की बच्ची है, और कमला वर्तमान में लगभग छह माह की गर्भवती थी। बताया जा रहा है कि, जनवरी माह में कमला और उसका पति मायके में आकर रह रहे थे। इसी दौरान सुदेश रनपुर की ओर ट्रैक्टर चलाने जाया करता था। करीब एक सप्ताह पहले वह कमला और बच्ची को लेकर अपने नाना के घर ढोठीपहरी कुरूमढोढ़ा चला गया।

### गर्भवती पत्नी को मृत छोड़कर बच्ची के साथ पति गायब

6 फरवरी को सुदेश के नाना गसरी राम ने आकर सूचना दी कि, कमला की मौत हो गई है। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो कमला घर के अंदर जमीन पर बिस्तर में चित अवस्था में मृत पड़ी थी। उसके सिर पर गहरी चोट के निशान थे। वहीं सुदेश बच्ची को लेकर गायब था।

### पूर्व पत्नी की हत्या के जुर्म में जा चुका है जेल

परिजनों ने पुलिस को यह भी बताया कि, सुदेश पूर्व में अपनी पहली पत्नी की हत्या के मामले में जेल जा चुका है। ऐसे में उन्हें आशंका है कि कमला की मौत भी सिर पर किसी ठोस वस्तु से वार करने के कारण हुई है।

### पुलिस ने सूचना पर मर्ग कायम कर जांच शुरू की

घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर देहाती मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। तहसीलदार बगीचा और फॉरेंसिक टीम ने स्थल निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई की। शव को पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी कुनकुरी ⏭ शेष पेज 4 पर

# विद्यार्थियों ने ली नशामुक्त व बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के भुड़केला स्थित शासकीय प्राथमिक शाला दास डुमरटोली एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 5 फरवरी को चाइल्ड हेल्पलाइन और आईसीपीएस की संयुक्त टीम ने विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर नशामुक्त भारत अभियान तथा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ ग्रहण कराई।

- सुरक्षित-असुरक्षित स्पर्श, साइबर खतरे व तस्करी पर चर्चा

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सिर्फ जानकारी देना नहीं, बल्कि उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति सजग और आवाज उठाने के लिए आत्मविश्वासी बनाना था। टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि 1098 नंबर 24 घंटे बच्चों की मदद के लिए उपलब्ध है। यदि कोई बच्चा शोषण, हिंसा, बाल श्रम, बाल विवाह, गुमशुदगी या घर से भागने जैसी स्थिति में हो, तो एक फोन कॉल से तत्काल सहायता मिल सकती है।

### रेबीज से बचाव की दी गई जानकारी

टीम ने रेबीज से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि, कुत्ता या अन्य जानवर काट ले तो घाव को तुरंत धोएं। साथ ही डॉक्टर को दिखाने और टीकाकरण कराने की जरूरत बताई गई, ताकि लापरवाही से बड़ा खतरा न बने। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे नशे से दूर रहेंगे, बाल विवाह का विरोध करेंगे।



### मदद मांगना कमजोरी नहीं बल्कि समझदारी

बच्चों को यह भी समझाया गया कि, मदद मांगना कमजोरी नहीं, समझदारी है। आईसीपीएस के सदस्यों ने स्पॉन्सरशिप योजना, जरूरतमंद बच्चों के पुनर्वास, आश्रय गृहों की व्यवस्था और सरकारी संरक्षण तंत्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शासन का उद्देश्य हर बच्चे को सुरक्षित वातावरण और बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। विशेषज्ञों ने बच्चों को सतर्क किया कि, लालच या झांसे में आकर कहीं जाना खतरनाक हो सकता है।

### सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श पर खुली चर्चा

कार्यक्रम का यह हिस्सा बच्चों के लिए बेहद उपयोगी रहा। इसमें सरल उदाहरणों के माध्यम से बताया गया कि, कौन-सा व्यवहार सही है और किस स्थिति में तुरंत विरोध दर्ज कराना चाहिए। बच्चों को भरोसेमंद व्यक्ति से बात करने और हेल्पलाइन का सहारा लेने के लिए प्रेरित किया गया। मोबाइल और इंटरनेट के उपयोग के दौरान व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने, अनजान लिंक से बचने और ऑनलाइन दोस्ती में सतर्क रहने की सीख दी गई।

### वीडियो गेम की लत पर हुई चर्चा

टीम ने बताया कि नशीले पदार्थ शरीर को ही नहीं, परिवार और करियर को भी नुकसान पहुंचाते हैं। कम उम्र में इसकी शुरुआत कई गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर चाइल्ड हेल्पलाइन से अंजना देवी परियोजना समन्वयक, दीपक पैकरा सुपरवाइजर, दीपक सिदार केस वर्कर तथा आईसीपीएस से शशी सिंह सामाजिक कार्यकर्ता और दीप्ति सिंह आउटरीच वर्कर उपस्थित रहीं।

### प्राचार्य ने स्कूल में छात्रा के साथ की छेड़छाड़, अपराध दर्ज

**वाड्रफनगर।** स्कूल में छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। नाबालिग बच्ची के साथ ही दरिंदगी को अंजाम किसी और ने नहीं बल्कि स्कूल के प्राचार्य ने दिया है। जिस प्राचार्य के भरोसे माता पिता अपने बच्चों को स्कूल भेज रहे है उसने बच्ची के साथ स्कूल परिसर के अन्दर ही अमानवीय कृत्य किया है। अब मामले में परिजन की शिकायत पर पुलिस ने प्राचार्य के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है जबकि आरोपी प्राचार्य फरार बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि वाड्रफनगर चौकी अंतर्गत शासकीय उमावि बरतीकला में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा ने स्कूल के प्राचार्य युवधन जायसवाल पर बैड टच का आरोप लगाया है। छात्रा की इस शिकायत के बाद स्कूल प्रबंधन में भी हड़कंप मच गया है। छात्रा ने मामले की जानकारी अपने परिजन को दी जिसके बाद परिजन ने इस मामले की शिकायत वाड्रफनगर चौकी पुलिस से की है।

# पुलिस का नशे पर बड़ा प्रहार, 52 किलो गांजा सहित कार जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। चौकी आरा क्षेत्र के बोरोझरिया जंगल में घेराबंदी कर पुलिस ने क्रेटा कार से 52 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया। मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जबकि तीसरा आरोपी जंगल का फायदा उठाकर भाग निकला।

- दो तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे, एक फरार

पुलिस ने गांजे की कीमत करीब 5 लाख और वाहन की कीमत लगभग 15 लाख रुपए आंकी है। कुल मिलाकर 20 लाख रुपए की जब्ती की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि उड़ीसा से गांजे ⏭ शेष पेज 4 पर



### डिक्की खुलते ही खुला राज

तलाशी के दौरान कार की डिक्की से दो बोरियां मिलीं, जिनमें प्लास्टिक पैकेटों में भरा गांजा रखा था। कुल वजन 52 किलो 100 ग्राम निकला। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे इसे उड़ीसा से जशपुर में खपाने के लिए ला रहे थे।

### ये हैं गिरफ्तार आरोपी

पुलिस ने शहरूख शाह उम्र 34 वर्ष, निवासी आजाद मोहल्ला और तारिक अंसारी उम्र 27 वर्ष निवासी कव्वाली मंच के पास, दोनों थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र, को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

# सेवानिवृत्ति पर खलखो को दी गई भावभीनी विदाई

**जशपुरनगर।** शास उच्च माध्य विद्यालय बासनतला के प्रांगण में प्राचार्य मोहम्मद रईसुल हसन खान की अध्यक्षता में 6 फरवरी शुक्रवार को सेवानिवृत प्राचार्य विनय प्रभा खालखो का ऐतिहासिक भावभीनी विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

सेवानिवृत प्राचार्य एवं उनके पति रोमनुस खलखो तथा उनकी दोनों बेटियों डेजी मारिया खलखो, ओलिमा खलखो और अतिथियों का विद्यालय से 200 मीटर की दूरी पर विद्यालय परिवार द्वारा हाथ धुलाई, तिलक एवं बैज लगाकर स्वागत किया गया तथा नृत्य, पुष्पवर्षा व आतिशबाजी के साथ उन्हें मंच तक लाया गया। विद्यालय परिवार द्वारा विनय प्रभा खलखो एवं उनके परिवारों को पुष्पहार, पुष्पगुच्छ तथा जीवंत पौधा देकर सम्मानित किया गया। वहीं आए हुए सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया, तथा संस्था के सभी टीचर्स स्टाफ एवं बच्चों ने दिल छू लेने वाले आकर्षक स्वागत गीत की प्रस्तुति दी।



### विदाई समारोह में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य रहे उपस्थित

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उपेंद्र यादव, प्रदीप यादव, ग्राम पंचायत बासनताला की सरपंच सोसंती बेक, भूतपूर्व जनपद पंचायत सदस्य बसंत बेक, मनीष देव बच्चा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मारिया गोरेती तिर्की, सेजेस नारायणपुर की प्राचार्य अगुस्टिना तिग्गा, वरिष्ठ व्याख्याता एकबाल अहमद खान, शास उमा विद्यालय केराडीह की प्राचार्य उषा सरोज लकड़ा एवं उनकी टीम, शास उमा विद्यालय केरसई की सेवानिवृत प्राचार्य ⏭ शेष पेज 4 पर

## कथा के तीसरे दिन नरसिंह अवतार की झांकी ने मोहा मन

# भक्ति के आगे अहंकार और अत्याचार का अंत निश्चित: करुणा शंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शहर के श्रीहरि कीर्तन भवन में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का तीसरे दिन शुक्रवार की शाम को श्रद्धा, भक्ति और भव्य झांकियों के बीच संपन्न हुआ। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरा पंडाल जय श्रीहरि के जयकारों से गूंज उठा। तीसरे दिन की कथा के जजमान ओमप्रकाश गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी हेमंती गुप्ता रहे। विधिवत पूजन-अर्चन के साथ कथा का शुभारंभ हुआ।

### नरसिंह अवतार भक्त प्रहलाद का वर्णन

वृंदावन से पधारे कथावाचक करुणा शंकर महाराज ने भगवान नरसिंह अवतार, भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति तथा हिरण्यकश्यप वध की कथा का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सच्ची भक्ति के आगे अहंकार और अत्याचार का अंत निश्चित है। कथा के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।





**झांकी ने बांधा समां:** कथा का विशेष आकर्षण वृंदावन से पधारे कौशल जी महाराज के मार्गदर्शन में निकाली गई भगवान नरसिंह, भक्त प्रह्लाद एवं हिरण्यकश्यप वध की भव्य झांकी रही। आकर्षक सजावट, प्रकाश व्यवस्था और सजीव प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। झांकी के साथ आचार्य श्री की कथा प्रस्तुति ने वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया।

**कल चौथे दिन भगवान कृष्ण जन्मोत्सव की झांकी:** कौशल महाराज ने बताया कि, चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की झांकी और भी भव्य व्यापक एवं आकर्षक रूप में प्रस्तुत की जाएगी, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। भक्ति भजनों पर झूमे श्रद्धालु,लेते रहे भक्ति रस का अमृत कथा के दौरान संगीतमय भजनों और कीर्तन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। इस दौरान महिलाओं की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जिनकी भक्ति और श्रद्धा ने आयोजन को और भी पावन बना दिया। कथा के समापन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया, जिसे आयोजन समिति के सदस्यों व स्वयंसेवकों ने सेवा भाव के साथ संपन्न कराया। गौरतलब है कि, यह सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा 10 फरवरी तक प्रतिदिन शाम 6 बजे से 9 बजे तक श्रीहरि कीर्तन भवन में जारी रहेगी। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील नगरवासियों से की है।

# नवसंकल्प की सफलता: जिले के 12 युवाओं का अर्धसैनिक बलों में चयन



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में संचालित नव संकल्प शिक्षण संस्थान ने फिर से उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। वर्ष 2025 में कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित कांस्टेबल जनरल ड्यूटी परीक्षा के माध्यम से संस्थान के कुल 12 छात्र-छात्राओं का चयन विभिन्न अर्धसैनिक बलों में हुआ है।

संस्थान की प्राचार्य दुर्गेश्वरी सिंह ने बताया कि, एसएससी जीडी की लिखित परीक्षा फरवरी-मार्च 2025 में आयोजित की गई थी, जिसमें नव संकल्प शिक्षण संस्थान के 36 छात्र सफल हुए थे। इसके पश्चात शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं मेडिकल परीक्षण नवंबर-दिसंबर 2025 में सम्पन्न हुए। सभी चरणों के सफलतापूर्वक पूर्ण होने के बाद हाल ही में घोषित अंतिम परिणाम में संस्थान के कुल एक दर्जन विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की।

# JGi THE JAIN INTERNATIONAL SCHOOL

(Affiliated to CBSE, New Delhi, No. 3330064)



## SHAPING MIND, BUILDING FUTURE

Welcome to The Jain International School, Bilaspur (C.G), where every child's educational journey begins with joy and discovery. We are excited to unfold Pathways prospective students to join our nurturing and vibrant community that Paves Path for a joyful and enriching educational journey there by laying the foundation for lifelong success.

## ADMISSIONS OPEN

NURSERY TO IX & XI, (Session 2026-27)



**SCHOLARSHIP OPPORTUNITY** UP TO 100% SCHOLARSHIP

### TJIS ADVANTAGE

- US, UK and Australian College/ University Admission Assistance.
- Smart Classes
- Student Leadership Programme
- Medical Facility
- Central Dinning Hall for Nutritious Diet.
- Inter & Intra – School
- Technology Aided Learning
- Competitions
- Multi Disciplinary Sports & Games Facilities
- Club & Activities
- Domestic and Foreign Tours.
- Hobby Classes
- Teacher Student Ratio 1:30
- Guest Lectures
- 'MUN' (Model United Nations).
- Field Trips
- Inter Disciplinary Academic Rigour/ Approach

### AMENITIES:

- **Academic Excellence:** A consistent legacy of District & State Toppers.
- Dual Curriculum Advantage: **Affiliated with CBSE & Launching Cambridge International Education (IGCSE & ESOL).**
- Integrated Career Coaching: Specialized prep for **IIT-JEE, NEET, CLAT, NID, NATA, NIFT,CUET, LSAT, SLAT, CA, and CS** all under one roof.
- **Future-Ready Skills: DEDICATED AI, ROBOTICS, & CODING LAB.**
- **Mathematics and Digital Language Labs.**
- Advanced Sports Facilities: **Horse Riding, Archery, Taekwondo, Tennis Lawn, Skating, Cricket, Football, Swimming.**
- Excellent Boarding: **Fully Air-Conditioned Classrooms & Separate Boarding Houses for Boys & Girls.**
- Performing Arts Qualifications: **Trinity School of Music (London) & Bhatkhande Music Qualifications.**
- **NCC Air Squadron, Naval Wing, Weapon Training & Shooting Range.**
- **Art and Design Space.** • **Digital Library**
- **French as Foreign Language.**
- Security & Safety: **CCTV Surveillance and in House Medical Infirmary**

### SPECIAL PRIVILEGE TO:

- Armed Forces/Police
  *Army *Navy *Air Force *CRPF *ITBP *BSF *SSB *CISF Personnel
- High Court Employees
- Bank Employees
- Railway Employees
- University/College Employees.

### SPECIAL ADMISSION BENEFITS

- Fee* Relaxation
- Priority Admission Support.
- Scholarship provision for meritorious

Concept & Design @ AdPRAYAS



Mugeli Road, PO Sakri, Bilaspur (CG)
+91 9584461666, 9584461668, 9993589494

Follow us
www.tjisedu.in
www.tjisedu.in/admission
entab.online/tjiscg)

For Admission scan this QR code

खबर संक्षेप

## भाजपा महिला मोर्चा सरगुजा जिला कार्यकारिणी की घोषणा




**अम्बिकापुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की सहमति से महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शुभांगी बिहाड़े ने मोर्चा की कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिला कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रश्मि जायसवाल, अनुराधा गोस्वामी, आनंदी बड़ा एवं गुंजन सिंह, महामंत्री नीलू गुप्ता एवं प्रियंका चौबे, मंत्री चूड़ामणि दास, संध्या जायसवाल, गीता राजवाड़े, अंजना गुप्ता एवं बीना दुबे, कोषाध्यक्ष सरिता जायसवाल, सह कोषाध्यक्ष स्नेहलता गुप्ता, कार्यालय मंत्री गणेश्वरी चौहान, सह कार्यालय मंत्री हेमलता शर्मा, मीडिया प्रभारी रीना भारती को नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष श्रीमती बिहाड़े ने महामाया मंडल अध्यक्ष सरस्वी यादव, समलाया – शालिनी सिंह, अम्बिकापुर ग्रामीण – हिरमेन राजवाड़े, लखनपुर- रजनी पैकरा, देवगढ़-अनिमा सिंह, रामगढ़-सरस्वती सिंह, लुंजा-सीमा पैकरा, धौरपुर-रातरानी, परसा-रूपा गुप्ता, दरिमा-अंजती सिंह, कुन्नी- सरस्वती पैकरा, सीतापुर-संतोषी पावले, बतौली-कमलेश्वरी पैकरा, मैनपाट-बबली महंत, राजापुर-दुर्गावती कश्यप एवं नवानगर मंडल अध्यक्ष कौशल्या राजवाड़े को बनाया गया है।

## माइलस्टोन्स स्कूल के वार्षिक खेलकूद स्पर्धा के प्रतिभागी हुए सम्मानित



**अम्बिकापुर।** माइलस्टोन्स स्कूल का वार्षिक खेलकूद उत्सव मल्टीपरपज स्कूल ग्राउंड में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, शैलेश कुमार सिंह, श्रीमती श्वेता गुप्ता, विकास पाण्डेय, शशिकांत जायसवाल, जितेंद्र सोनी, वेदांत तिवारी के आतिथ्य में मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने आकर्षक नृत्य एवं खेल का प्रदर्शन किया। इस दौरान बच्चों ने आनंद मेला का लुत्फ उठाया। अतिथियों ने कहा कि विद्यालय जिस प्रकार कार्य कर रहा है, निश्चित ही आने वाले वर्षों में विद्यार्थियों की संख्या कई गुना हो जाएगी। प्राचार्य सूरज अग्रवाल ने बताया कि विद्यार्थियों के विकास में स्टाफ समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं तथा बच्चों को तराश कर समाज और देश के विकास में योगदान दिया जा रहा है। कार्यक्रम के मध्य में श्रीमती मंजूषा भगत एवं हरमिंदर सिंह टिन्नी, शैलेष कुमार सिंह शैलू एवं अन्य अतिथियों ने खेल गतिविधियों में भागीदारी करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। इस दौरान अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल, श्रीमती कौशल्या देवी एवं रिया अग्रवाल, आशी अग्रवाल सहित स्कूल की सभी शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

## साई कॉलेज में हुई पोस्टर, निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिता



**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय दिव्यांगता सशक्तीकरण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने जहां दिव्यांगता के अवसर को दिखाया तो वहीं दिव्यांगों के लिए समाज का आह्वान भी किया। दिव्यांगता पर आधारित पोस्टर में एबिलिटी और डिसएबिलिटी विषय पर बने पोस्टर ने सभी को विभोर कर दिया। प्रतियोगिता के पोस्टर में एक ओर जहां दिव्यांगों को पीड़ा, अवसर की चाहत दिखी तो दूसरी ओर समाज के सहयोग और युवाओं ने उनके आंसुओं को पोछने का आश्वासन दिया। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि आप अशक्त को सशक्त बनाने में सहयोग करें। दिव्यांगों के साथ सहयोगात्मक रवैया ही समाज को साथ-साथ एक मंच पर लायेगा।

### जलजीवन मिशन का निर्माण होने के बावजूद पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

# दूरस्थ क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल बना सपना

हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर।

बीहड़ों के बीच बसी आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने क्रेडा को जिम्मेदारी सौंप दी है। क्रेडा ने इन संकटग्रस्त गांवों में सोलर सिस्टम लगाकर योजना पूरी करने की खानापूर्ति कर दी है। हालत यह है कि कहीं एक साल से पानी की आपूर्ति बंद है तो कहीं एक साल बाद भी घर-घर पानी नहीं पहुंच रहा है।

शासन द्वारा जल जीवन मिशन के तहत हर गांव में घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने प्रस्तावित गांवों का सर्वे करने के उपरांत शासन को प्रस्ताव भेजा था। स्वीकृति के बाद विभाग द्वारा पिछले तीन सालों से पानी टंकी निर्माण एवं पाइप लाइन विस्तार का कार्य करा रहा है। निर्माण पूरा होने के बाद कई गांवों में आपूर्ति प्रारंभ कर दी गई है वहीं कई गांवों में आपूर्ति प्रारंभ होने का इंतजार किया जा रहा है। विभाग ने योजनान्तर्गत कई ऐसे गांवों का भी चयन किया था जो बीहड़ों के बीच बसे हैं। इन गांवों में विद्युत आपूर्ति की समस्या होने के कारण पीएचई ने ट्यूबवेल खनन एवं पाइप लाइन विस्तार के बाद पानी टंकी एवं सोलर सिस्टम लगाने की जिम्मेदारी क्रेडा को सौंप दी। क्रेडा ने भी सोलर सिस्टम एवं टंकी लगाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली है। हालत यह है कि योजना चालू होने के बावजूद कई बस्तियों में अभी तक घर-घर पेयजल की आपूर्ति प्रारम्भ नहीं हो सकी है तो कही एक साल से योजना का संचालन ठप पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार अधिकारियों को समस्या से अवगत करा चुके हैं लेकिन विभाग द्वारा इसके निवारण की कोई पहल शुरू नहीं हो सकी है।

**कनेक्शन के अभाव में घर-घर नहीं पहुंच रहा पानी | बोर धंसकने के कारण एक साल से आपूर्ति बंद**



### 5 सिस्टम में 1 फेल, 4 चालू

विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत ग्राम पंचायत सपनादर में लो-वोल्टेज होने के कारण योजना के तहत 5 सोलर टंकी लगाई गई हैं जिसमें भोटीडांड पारा की टंकी का बोर धंसकने के कारण पिछले साल से आपूर्ति बंद है। पेयजल समस्या होते देख ग्राम पंचायत द्वारा कई बार सबमर्सिबल पंप भी लगाया गया लेकिन पानी उपलब्ध नहीं हो सका। शेष तीन टंकियों से पानी की आपूर्ति हो रही है लेकिन कनेक्शन नहीं होने के कारण बमुश्किल 150 घरों तक ही पानी पहुंच रहा है। ग्रामीण पानी टंकी के पास ही पहुंचकर नहाते हैं और पानी भरते हैं। ग्राम पंचायत की अन्य बस्तियों के लिए 2 अतिरिक्त पानी टंकी प्रस्तावित है जिसे लेकर पीएचई एवं क्रेडा के बीच समन्वय की कमी लोगों के आक्रोश का कारण बन रही है।

### भेजा गया है प्रस्ताव

कुछ गांवों में लगे सोलर सिस्टम में तकनीकी खराबी आने की जानकारी मिली है। इस संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही सुधार कार्य कराया जाएगा।

**गणेश साहू**, संभाग प्रभारी, क्रेडा

## केतकी खदान में ग्रामीणों का धरना समाप्त



हरिभूमि न्यूज मानीचौक

केतकी खदान के मुख्य द्वार पर ग्रामीणों द्वारा शुक्रवार को सुबह 6 बजे से मुख्य द्वार को बंद कर पूरे दिन धरना प्रदर्शन किए,धरने की सूचना मिलते ही एसईसीएल के प्रभारी सहक्षेत्र प्रबंधक जी.एस. ठाकूर, खान प्रबंधक विनम्र जैन, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेन्द्र नारायण एवं गैनवेल कंपनी के अधिकारी धरनास्थल पहुंच आंदोलन कर रहे ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम पंचायत के सरपंचों के साथ बातचीत कर स्थिति को शांतिपूर्ण ढंग से संभाला। और प्रारंभिक चर्चा के दौरान यह निर्णय लिया कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान संवाद के माध्यम से किया जाएगा।

- **एसडीएम की मौजूदगी में रोजगार व पर्यावरण पर बनी सहमति**

इसी क्रम में शाम 4 बजे केतकी हाईस्कूल ग्राउंड में अनुविभागीय दण्डाधिकारी (एसडीएम) शिवानी जायसवाल एवं तहसीलदार की उपस्थिति में विस्तृत बैठक आयोजित की गई। एसडीएम के नेतृत्व में हुई बैठक में ग्रामीणों की मांगों पर बिंदुवार चर्चा की गई। चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दोनों खदानों में ठेका श्रमिक के रूप में तीस तीस व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया जाएगा। इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से नाम सूचीबद्ध कर रोटेशन के आधार पर कार्य दिया जाएगा। इस संबंध में 16 फरवरी तक गायत्री एवं केतकी खदान में कार्यरत ठेकेदारों से चर्चा कर रोजगार सृजन हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। पर्यावरण संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए यह भी तय किया गया कि धूल की रोकथाम हेतु दिन के दोनों समय नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाएगा। साथ ही खदान से बाहर खेतों की ओर जाने वाले पानी को साफ कर ही छोड़ा जाए, ताकि कोयले के कारण कृषि भूमि बंजर न हो और किसानों को नुकसान न पहुंचे। इसके अलावा अन्य स्थानीय मुद्दों पर भी खदान प्रबंधन की ओर से लिखित आश्वासन दिया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन और प्रबंधन द्वारा दिए गए आश्वासनों पर भरोसा जताते हुए धरना एवं हड़ताल को स्थगित करने की घोषणा की गई।

## केन्द्रीय बजट युवा केंद्रित और विकसित भारत की नींव को मजबूती देने वाला

हरिभूमि न्यूज. राजपुर

केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर शुक्रवार को लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्नालाल चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह तथा भाजपा जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने संयुक्त रूप से प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान बताया कि यह बजट युवा-केंद्रित, सुधारोन्मुख और विकसित भारत की नींव को और मजबूत करने वाला है। बजट में सरकार ने तीन पवित्र



कर्तव्य तय किए हैं जिसमें उत्पादकता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाकर तेज व टिकाऊ आर्थिक विकास, आम जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति कर उन्हें समृद्धि का भागीदार बनाना तथा सबका साथ, सबका विकास के विजन को साकार करना शामिल है। बजट में वित्तीय अनुशासन के साथ विकास निवेश का संतुलन दिखता है। वर्ष 2026-27 में वित्तीय घाटा जीडीपी का 4.3 प्रतिशत रखने का लक्ष्य तय किया गया है। 12.2 लाख करोड़ के सार्वजनिक पूंजीगत व्यय से इंफ्रास्ट्रक्चर को नई गति मिलेगी, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और टियर-2 व टियर-3 शहरों का विकास होगा। एमएसएमई सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ का एसएमई ग्रोथ फंड और आत्मनिर्भर भारत फंड का विस्तार किया गया है। शिक्षा, स्किल और सेवाओं पर विशेष जोर देते हुए बताया गया कि एजुकेशन-एम्प्लॉयमेंट-इंटरप्राइजेज मॉडल से पढ़ाई को उद्योग की मांग से जोड़ा जाएगा। कृषि क्षेत्र में भारत विस्तार, फसल विविधीकरण और मत्स्य विकास से किसानों की आय बढ़ेगी और ग्रामीण उद्यमिता को बल मिलेगा। महिला सशक्तिकरण के लिए शी-मार्ट, सामाजिक समावेशन के लिए मानसिक स्वास्थ्य व आपातकालीन सेवाओं का विस्तार तथा व्यापार सुगमता के लिए नया आयकर कानून 2025 को ऐतिहासिक बताया गया।

## पीएमश्री सेजेस जयनगर में सांस्कृतिक प्रदर्शनी

**बिश्रामपुर।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार आज शुक्रवार को पीएमश्री सेजेस जयनगर में सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन किया,कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य पुष्पा राय एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा उनमें आत्मविश्वास, सृजनात्मकता और टीम भावना का विकास करती हैं।

## रविन्द्रनगर पंचायत में हुए निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार होने की शिकायत पर पहुंचा जांच दल

**बिश्रामपुर।** ग्राम रविन्द्रनगर में विकास कार्यों को लेकर उठा विवाद अब भी नहीं थमा है,पंचायत भवन रविन्द्रनगर में 6 फरवरी शुक्रवार को जांच अधिकारी के समक्ष तैयार किए गए पंचनामा ने पंचायत प्रशासन की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं,पंचायत के दर्जन भर निर्वाचित पंचों ने एकजुट होकर सड़क निर्माण,वित्तीय पारदर्शिता और सरपंच सचिव की भूमिका पर तीखे आरोप लगाए हैं,गौरतलब है कि ग्राम पंचायत रविंद्रनगर में सरपंच व सचिव के खिलाफ उपसरपंच की अगुवाई में दर्जन भर वार्ड पंचों ने कुछ महीने पहले ही सूरजपुर कलेक्टर,जिला पंचायत व जनपद पंचायत सीईओ को ज्ञापन देकर निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार किए जाने का आरोप लगाया था।



इसी तारतम्य में अधिकारियों के निर्देश पर जांच अधिकारी नर्बदा सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा पंचायत में पहुंचकर जांच पंचनामा की कार्यवाही की गई,जांच पंचनामा में उपस्थित आरोप लगाने वाले उपसरपंच के अलावा दर्जनभर वार्ड पंचों के अनुसार पीडीएस भवन एवं नेक्सा गोदाम से दीपक राय के निवास तक सड़क निर्माण कार्य मनमाने ढंग से प्रारंभ कर दिया गया,न तो ग्राम पंचायत की बैठक में इस पर चर्चा हुई, न ही पंचों से किसी प्रकार की सहमति ली गई,गौरतलब है कि पंचायत अधिनियम के तहत विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों को शामिल करना अनिवार्य है,लेकिन यहां नियमों की खुली अनदेखी की गई।पंचनामा में सबसे गंभीर आरोप सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर लगाए गए हैं। बताया गया कि सीमेंट-कांक्रीट रोड निर्माण के कुछ ही समय बाद गिट्टी उखड़ने लगी है। सड़क पर पानी की तराई तक नहीं की गई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि संबंधित निर्माण एजेंसी गुणवत्ता को लेकर पूरी तरह लापरवाह रहे हैं,पंचों ने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत सचिव द्वारा बैठकों में किसी भी प्रकार की जानकारी साझा नहीं की जाती,विकास कार्यों,भुगतान और योजनाओं की स्थिति को लेकर कोई विवरण प्रस्तुत नहीं किया जाता। पंचनामा में एक और चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है,पंचों का दावा है कि ग्राम पंचायत गठन की तिथि से आज तक कोरम पूरा हुए बिना ही पंचायत निधि से कई लाख रुपये की राशि का आहरण कर लिया गया है। पंचों ने एकमत होकर पंचायत सचिव को तत्काल हटाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।






### न्यूनतम पारा में 3 डिग्री गिरावट, 2 डिग्री गिरा

# उत्तर की सर्द हवाओं ने फिर बढ़ाई कंपकपी

हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर

लम्बी राहत के बाद एक बार फिर उत्तर की हवाओं ने कंपकपी बढ़ा दी है। हालांकि मौसम विज्ञानी शुक्रवार की रात उत्तर भारत में एक नया पछुआ विक्षोभ सक्रिय होने के बाद सर्द हवाओं का प्रवाह थमने एवं दो दिन बाद तापमान में क्रमशः वृद्धि होने से ठंड से राहत मिलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

उत्तर भारत में 20 दिसम्बर के बाद एक के बाद एक लगातार पछुआ विक्षोभ सक्रिय होने के कारण तापमान में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों की आवाजाही शुरू होते ही तापमान में वृद्धि का क्रम शुरू हो जा रहा है वहीं विक्षोभ के आगे निकलने पर आसमान साफ होते ही उत्तर की सर्द हवाएं चलने के कारण तापमान गिरकर 10 डिग्री के नीचे पहुंच जा रहा है। मौसम में आए बदलाव के कारण दिन में गर्मी तथा रात में



अच्छी ठंड पड़ रही है। फरवरी में वैसे तो पछुआ विक्षोभ का प्रभाव अधिक रहता है तथा विक्षोभ की आवृत्ति बढ़ जाती है। ऐसे में आगे भी पछुआ विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। पिछले महीने में 20, 25 एवं 30 दिसम्बर को लगातार पछुआ विक्षोभ सक्रिय हुए थे जिसके कारण ठंड से कुछ राहत रही। उत्तर भारत में 2 फरवरी एवं 25 फरवरी को सक्रिय पछुआ विक्षोभ अब आगे निकल गया है तथा आसमान साफ हो गया है। आसमान साफ होने के बाद गुरूवार से उत्तर की सर्द हवाओं का प्रवाह एक बार फिर शुरू हो गया है। बर्फ की ठंडक लेकर पहुंच रही उत्तर की हवाओं के प्रभाव से एक बार फिर न्यूनतम एवं अधिकतम पारा में गिरावट होने के साथ ही ठंड बढ़ गई है। मौसम कार्यालय द्वारा बुधवार को न्यूनतम तापमान 13.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था जो गुरूवार को गिरकर 11.5 एवं शुक्रवार को 8.4 डिग्री पर पहुंच गया है। इसी तरह 24 घंटे के भीतर दिन के तापमान में भी 2 डिग्री की गिरावट हुई है तथा पारा 27.5 डिग्री से गिरकर 25.4 डिग्री पर पहुंच गया है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि शुक्रवार की रात एवं शनिवार को उत्तर भारत में दो नए पछुआ विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### जल आवर्धन और वाटर एटीएम तीन साल से बंद

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में कुछ साल पहले महानदी जल आवर्धन की स्थापना की गई है जिसके जरिए सूरजगढ़ महानदी का पानी पुसौर में फिल्टर करके घर-घर सप्लाई किया जाना है। इस योजना के तहत संयंत्र के स्थापना के कुछ माह तक इसका पानी लोगों के घर तक पहुंचा उसके बाद बंद हो गया। इसके बाद कुछ माह फिर चला और बंद रहा और फिर कुछ माह चला और अब यह पुरी तरह से पिछले 3 साल से बंद है। नगर पंचायत में जब नई भाजपा सरकार आई तो लोगों को यह भरोसा था कि जल्द ही जल्द क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री ओपी चौधरी के दिशा निर्देश में लोगों को नदी का फील्टर पानी मिलेगा। बहरहाल जल आवर्धन में लगे संयत्रों का सुधार अब तक नहीं होने की जानकारी प्रकाश में आया है। इसमें वाटर एटीएम भी सम्मिलित है। जानकारों की माने तो एटीएम किसी ठेकेदार द्वारा चलाया जा रहा था जिसका मामला कोर्ट पहुंच चुका है और आवर्धन योजना के फिल्टर प्लांट के मशीनों में तकनीकी खराबी आने के कारण बंद है। जिसके सुधार व नए सामान के सीईओ ललित साहू द्वारा किया जा रहा है। इस संबंध में साहू ने बताया कि पुसौर का पानी खराब है अभी तक मुझे पता नहीं चला है वहीं इस तथ्य पर कुछ जनप्रतिनिधियों ने बताया कि यहां के पानी टीडीएस अधिक है जिसके कारण कपडे और ज्वेलरी आये दिन खराब होते रहे हैं।

### अभिनव स्कूल में परीक्षा पे चर्चा शिक्षक, पालक छात्र हुए शामिल

**पुसौर।** अभिनव विद्या मंदिर पुसौर द्वारा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए 5 वी 8 वीं 10 वीं एवं 12 वीं के पालक बालक एवं शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। ज्ञात हो कि बोर्ड परीक्षाएं 20 फरवरी से शुरू हो जाएंगी। उक्त बैठक में पालक अपने अपने विचार रखे। शिक्षकों द्वारा भी जानकारी साझा की गई। विदित हो कि 5वींए 8वीं 9 वीं एवं 11 वीं में इस वर्ष अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम का 30 प्रतिशत एवं वार्षिक परीक्षा का 70 प्रतिशत अंक लेकर वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। इसी प्रकार पहली से 7 वीं तक तिमाही का 20 प्रतिशत अर्धवार्षिक 20 प्रतिशत एवं वार्षिक का 60 प्रतिात अंक लेकर वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा।

### जिला अस्पताल में हर दिन दो महिला की नसबंदी

**कटेली।** जिला चिकित्सालय सारंगढ़ ने स्वास्थ्य सेवाओं में एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। डॉक्टरों ने कर्मचारियों की टीम के साथ मिलकर 108 महिला नसबंदी ऑपरेशन पूरा किया है। 23 दिसंबर 2025 को शुरू हुई इस विशेष चिकित्सा सेवा ने बेहद कम समय में जनता का विश्वास जीता है। आंकड़ों के अनुसार, ऑपरेशनों का सिलसिला कुछ इस प्रकार रहा। दिसंबर 23 से 31 17 सफल केस, जनवरी 71 सफल केस सर्वाधिक प्रगति, फरवरी अब तक 20 सफल केस, कुल 108 सफल ऑपरेशन किया गया है। सिविल सर्जन डॉ.दीपक जायसवाल ने बताया कि नसबंदी ऑपरेशनों की यह संख्या स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। डॉ.राकेश साहू सर्जन के नेतृत्व में मरीजों को सुरक्षित और आधुनिक तकनीक से सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

### अनुसंधान तथा नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक पहल

# अकादमिक उत्कृष्टता के लिए नॉटिंघम ट्रेंट विश्वविद्यालय के साथ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




ओपीजेयू ने अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाते हुए 4 फरवरी को यूनाइटेड किंगडम के प्रतिष्ठित नॉटिंघम ट्रेंट विश्वविद्यालय के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह ऐतिहासिक साझेदारी ओपीजेयू की वैश्विक शैक्षणिक उपस्थिति को सुदृढ़ करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अकादमिक उत्कृष्टता, अनुसंधान तथा नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक निर्णायक उपलब्धि के रूप में देखी जा रही है।

एमओयू हस्ताक्षर समारोह नॉटिंघम ट्रेंट विश्वविद्यालय, यूके के भव्य परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें दोनों विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ शैक्षणिक एवं प्रशासनिक नेतृत्व की उपस्थिति रही। इस अवसर पर ओपी जिंदल विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति डॉ. आरडी पाटीदार तथा धातुकर्म अभियांत्रिकी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ.एम कल्याण फनी ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। नॉटिंघम ट्रेंट विश्वविद्यालय की ओर से इस समझौते पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर डॉ. रिचर्ड एम्सए प्रो वाइस.चांसलर रिसर्च एवं इंटरनेशनलाइज़ेशन की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुए। इसके साथ ही कार्यक्रम में डॉ. क्लेयर न्यूस्टेड, को.डायरेक्टर, एनटीयू ग्लोबलय प्रोफेसर नील मैन्सफ़ील्ड, एग्ज़ीक्यूटिव डीन रिसर्च एवं इंटरनेशनल रेप्युटेशनय तथा डॉ. केव गैरेथ, प्रोफेसर, स्कूल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी सहित नॉटिंघम ट्रेंट विश्वविद्यालय के अनेक वरिष्ठ शैक्षणिक एवं नेतृत्वकारी अधिकारी उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति ने इस अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के रणनीतिक महत्व और इसकी दीर्घकालिक दृष्टि को और अधिक सुदृढ़ किया।

यह रणनीतिक एमओयू दोनों विश्वविद्यालयों के बीच बहुआयामी शैक्षणिक सहयोग का मार्ग प्रशस्त करता है। इसके अंतर्गत छात्र एवं फैकल्टी एक्सचेंज कार्यक्रम, संयुक्त शोध एवं पीएचडी पर्यवेक्षण, सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाएं, पाठ्यक्रम विकास तथा संयुक्त अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, सेमिनार, कार्यशालाएं और अकादमिक कार्यक्रमों का आयोजन शामिल है।

इस सहयोग के माध्यम से छात्रों और शिक्षकों को वैश्विक अकादमिक परिवेश में कार्य करने, अत्याधुनिक अनुसंधान से जुड़ने तथा अंतर.सांस्कृतिक अनुभव प्राप्त करने के व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए ओपी जिंदल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरडी पाटीदार ने कहा कि यह एमओयू शिक्षाए अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में ओपीजेयू को एक वैश्विक उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने की दीर्घकालिक रणनीति का एक महत्वपूर्ण और निर्णायक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि नॉटिंघम ट्रेंट विश्वविद्यालय जैसे विश्व प्रसिद्ध संस्थान के साथ यह सहयोग ओपीजेयू के छात्रों और संकाय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी, नवोन्मेशी और प्रभावशाली बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डॉ. पाटीदार ने विशेष रूप से यह रेखांकित किया कि यह ऐतिहासिक एमओयू जिंदल स्टील के चेयरमैन नवीन जिंदल एवं ओपी जिंदल विश्वविद्यालय की चांसलर श्रीमती शालू जिंदल की दूरदर्शी पहल, वैश्विक शैक्षणिक दृष्टिकोण और शिक्षा केन्द्रित मिशन का प्रत्यक्ष परिणाम है।

# पुसौर के मंगलभवन में चतुर्थ महिला महाधिवेशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर जनपद क्षेत्र के 89 पंचायतों में कार्यरत महिला समूह और विहान की महिलाओं ने पिछले कई वर्षों से 5 फरवरी को लगातार महिला महाधिवेशन का आयोजन होता रहा है।

इसी कड़ी में पुसौर के मंगलभवन में यह आयोजन हुआ। जिसमें जिला पंचायत सीईओ अभिजित बबन पठारे, पुसौर जनपद सीईओ विवेक गोष्वामी, जिला भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष व एडवोकेट मधुलता पटेल, जनपद सदस्य मुक्तेश्वर पंडा, ग्रामीण बैंक के प्रबंधक अदिति, नव गुरूकुल के प्रेमा एवं भावना, एग्रीकल्चर से शैल पाण्डेय, महिला संघ के सभी पदाधिकारी, मनरेगा के पीओ वर्षा वर्मा, बिहान के अधिकारी, ट्रेनर अनिता, उषा सहित अन्य दीदीयां मौजूद रहीं। पुसौर बिहान के बीपीएम छाया ईश्वर ने कहा कि उक्त कार्यक्रम हमारे महिला समूह के स्वयं के द्वारा बनाए गए सामग्रियों के जरिये आयोजन हुआ। वहीं उनहोंनें अपनी लोक कला को भी सभी के बीच साझा किया। कार्यक्रम अन्तर्गत आपसी समरसता बनाए रखने के मद्देनजर सिलोलाई, बैलून फुलाना, डांस आदि कार्यक्रम हुआ।

# सरिया में अखंड नवधा रामायण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया





भगवान श्री राम के आदर्शों का प्रचार करना और समाज में समरसता, संस्कार और धार्मिक भावना को मजबूत करने के लिए सरिया में भव्य अखंड नवधा रामायण का आयोजन 19 से 27 मार्च तक किया गया है। इसके लिए समिति का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक के पद पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल एवं नगर पंचायत के सभी पार्षद गण संरक्षक सदस्य बनाए गए। नवधा रामायण समिति के अध्यक्ष के पद पर नगर के साहित्यकार व कवि शिवकुमार बैरागी तथा धर्म परायण व सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल नामदेव को सचिव के पद का दायित्व दिया गया। इसी तरह नगर के वीरेंद्र सोनी तथा तुलसी रामायण समिति सरिया के अध्यक्ष गणेश अग्रवाल दामो को कोषाध्यक्ष पद का दायित्व दिया गया है। इसी क्रम में नवधा रामायण आयोजन समिति में प्रबंध कार्यकारिणी के रूप में राम प्रसाद अग्रवाल, देवेंद्र प्रधान, विजय स्वर्णकार, छोटे लाल अग्रवाल, फगुलाल निषाद टेलीफोन, अरुण मिश्रा, स्वप्निल स्वर्णकार, मिनकेतन प्रधान, डॉक्टर एस कर, रंजू गुरु, कैलाश अग्रवाल, तथा तुलसी रामायण सेवा समिति के समस्त सदस्य गण इसके प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं। नवधा रामायण समिति के अध्यक्ष शिव बैरागी ने कहा कि 19 से 27 मार्च तक आयोजित होने वाले भव्य नवधा रामायण में वृंदावन धाम से सुश्री देवी मंजू कल्याणी तथा छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध मानस गान व कथा व्यास नंद कुमार साहू धमतरी व सरिया नगर के लाडले कथा वाचक पंडित सलिल कृष्ण गुरु व स्थानीय आमंत्रित मानस मंडली द्वारा रामायण कथा संपन्न होंगे । शिव बैरागी ने आगे कहा कि 9 दिन तक चलने वाले भव्य अखंड नवधा रामायण पाठ किया जाएगा।

# लंबे समय से पुलिस की आंख में झोंक रहे थे धूल, 48 घंटे के अभियान में पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए 48 घंटे का विशेष महा अभियान चलाया गया। जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में सुनियोजित तरीके से पुलिस टीमों को तैनात कर एक साथ दबिश दी गई। अभियान के दौरान पुलिस ने जिलेभर से कुल 214 फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया है।

अभियान की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीमों ने प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ-साथ राज्य के बाहर तक जाकर फरार वारंटियों की पतासाजी की और उन्हें पकड़कर रायगढ़ लाया गया। लंबे समय से फरारी काट रहे आरोपियों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया कि कानून से बचना अब संभव नहीं है। इस विशेष अभियान में तमनार पुलिस ने सर्वाधिक सफलता अर्जित करते हुए 26 स्थायी एवं 2 गिरफ्तारी वारंट तामील किए।

### आरोपी भूल गया था अपना अपराध

पुलिस की इस अभियान के दौरान एक दिलचस्प वाक्या सामने आया है। इसमें एक 22 साल से फरार आरोपी को पकड़ा गया है। यह आरोपी अपराध कर भूल गया था। जानकारी के अनुसार साल 2004 के मारपीट एवं चोरी प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी साधुराम राठिया पिता जगन्नाथ राठिया निवासी टांगरघाट थाना तमनार को 22 वर्ष बाद गिरफ्तार किया गया। आरोपी पंजाब प्रांत में छिपकर रह रहा था और हाल ही में गांव लौटने की सूचना पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया।

# कार्बन फैक्ट्री सील, प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गुरुवार को खरसिया ब्लॉक के बानरपाथर स्थित मंगल कार्बन फैक्टरी में हुए फर्नेश ब्लास्ट मामले में जहां प्लांट को सील कर दिया गया है। वहीं कारखाना के सीजीएम और जीएम के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। दूसरी ओर औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की ओर से श्रम न्यायालय में याचिका दायर की जाएगी। गुरुवार को सुबह करीब 9 बजे खरसिया के बानीपाथर स्थित मंगल कार्बन फैक्टरी में फर्नेश ब्लास्ट हो गया था। इसमें 9 महीने की दुधमुंही बच्ची के साथ उसकी मां, पिता और दादा बुरी तरह से झुलस गए थे। इसी एक अन्य परिवार के दो और एक अन्य कुल सात लोग गंभीर रुप से घायल हो गए थे। इस मामले में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के उप संचालक राहुल पटेल की ओर से जांच की गई थी। साथ ही खरसिया पुलिस भी पूरे मामले की जांच में जुटी थी। गंभीर रुप से झुलसे साहेब लाल खड़िया की पत्नी आशा खड़िया ने खरसिया थाने में लिखित शिकायत की है।


ससुर और पति को खाना पहुंचाने गई थी बहू
कार्बन फैक्ट्री के फर्नेस में ब्लास्ट, झुलसा पूरा परिवार
सुबह 9 बजे की घटना
हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़
जिले के ग्राम बानीपाथर स्थित मंगल कार्बन फैक्ट्री के फर्नेस में गुरुवार की सुबह करीब साढ़े 8 बजे

### ऐसी घटी थी घटना

गुरुवार को सुबह 9 बजे प्लांट में ब्लास्ट हुआ था। जानकारी के अनुसार वहां के श्रमिक इंदीवर, कुलदीप, कौशल पटेल और शिव खड़िया कारखाने मे फर्नेस का ढक्कन खोल रहे थे। वहां प्रिया सारथी कार्बन को उठा रही थी। शिव खड़िया की पत्नी उदासिनी वही पर बच्ची को पकड़कर खड़ी थी। साहेबलाल कारखाने में खाना पहुँचाने आया था। वह भी फर्नेश के पास खड़े होकर देख रहा था। वहाँ अचानक फर्नेश का आग प्रेशर से बाहर निकला। आग की लपटों से साहेबलाल खड़िया 55, उसका बेटा शिव खड़िया, बहु उदासिनी 30 और 9 महीने की बच्ची गंभीर रुप से झुलस गई थी। कौशल पटेल, इंदीवर एवं इंदीवर की मॉ प्रिया सारथी भी आग से जलकर गई। शिव और इंदीवर सबसे ज्यादा झुलसे थे।

# एनटीपीसी लारा ने की स्थानीय युवाओं के लिए कुशल भविष्य की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




कौशल विकास के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम उठाते हुएए एनटीपीसी लारा ने अपनी मजबूत नैगम सामाजिक दायित्व पहल के तहत आज स्थानीय युवाओं के एक बैच को कोरबा में वोकेशनल ट्रेनिंग के लिए रवाना किया, जो समावेशी विकास और स्थायी आजीविका के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन सुभाष ठाकुर, परियोजना प्रमुख एनटीपीसी लारा ने केशव चंद्र सिंघा रॉय महाप्रबन्धक, प्रचालन एवं अनुरक्षण, हेमंत पावगी महाप्रबंधक, परियोजना, जाकिर खान अपर महाप्रबंधक, मानव संसाधन, मनीष कुमार अपर महाप्रबंधक तकनीकी सेवाए, एनटीपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, गौरवान्वित माता.पिता और महत्वाकांक्षी प्रशिक्षुओं की गरिमामयी उपस्थिति में किया जो आशा अवसर और परिवर्तन के एक क्षण को चिह्नित करता है। तीन महीने का यह गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कोरबा में असिस्टेंट मशीन ऑपरेटर दृ इंजेक्शन मोल्डिंग के विशेष ट्रेड में आयोजित किया जाएगा, जो युवाओं को उद्योग.प्रासंगिक, भविष्य के लिए तैयार कौशल से लैस करेगा। इस पहल का उद्देश्य शिक्षा और रोजगार के बीच के अंतर को पाटना है, जिससे प्रतिभागियों को स्थायी आजीविका के अवसर सुरक्षित करने और औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र में सार्थक योगदान करने में सक्षम बनाया जा सके। प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए, सुभाष ठाकुर परियोजना प्रमुख एनटीपीसी लारा ने एक प्रेरणादायक संदेश दियाए जिसमें युवाओं से अटूट समर्पण, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ प्रशिक्षण को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कौशल विकास केवल रोजगार का मार्ग नहीं है, बल्कि सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और दीर्घकालीन रोजगार क्षमता का एक उपकरण है।

# नलवा को तीसरी बार मिला ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अंचल क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों नलवा स्टील एंड पावर लिमिटेड एवं नलवा स्पेशल स्टील लिमिटेड ने स्टील और पावर क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता को एक बार फिर साबित किया है। ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट इंडिया ने जनवरी 2026 से जनवरी 2027 की अवधि के लिए इन्हें कार्य के लिए बेहतरीन स्थल तथा उत्कृष्ट कार्य संस्कृति के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया है।

यह सम्मान लगातार तीसरी बार प्राप्त किया गया है, जो कंपनी की कर्मचारी केंद्रित नीतियों और सकारात्मक कार्य वातावरण की मजबूत पहचान की दर्शाता है। ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन वैश्विक स्तर पर कार्यस्थलों की गुणवत्ता का मानक है, जो कर्मचारियों के फीडबैक और कंपनी की संस्कृति पर आधारित होता है। इस प्रमाणन के साथ नलवा समूह ने स्टील एवं पावर उद्योग में अपनी श्रेष्ठता को मजबूत किया है। डायरेक्टर एवं प्लांट हेड डॉ. एसएस राठी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि कि हमारे मार्गदर्शक नवीन जिंदल के मार्गदर्शन में एवम हमारे प्रेरणास्त्रोत बाबूजी ओपी जिन्दल के आशीर्वाद से हमारे लोगों की निष्ठा एवं समर्पण के कारण हमारी असाधारण विकास यात्रा संभव हुई है। हमारे कर्मचारी हमारी सबसे बड़ी पूंजी हैं लगातार तीसरी बार यह सम्मान प्राप्त करना हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है कि हम एक ऐसा कार्यस्थल बनाना चाहते हैं जहां हर व्यक्ति गर्व से काम करे। यह उपलब्धि पूरे नलवा परिवार की साझा सफलता है।

### शादी का झांसा देकर आरोपी करता था दुष्कर्म

# पॉक्सो के आरोपी को 10 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश सारंगढ़ अमित राठौर के न्यायालय में थाना सारंगढ़ के अपराध जो कि विशेष आपराधिक प्रकरण अंतर्गत पॉक्सो एक्ट से संबंधित है। इसमें आरोपी अंकित कोसले पिता लक्ष्मी दत्त कोसले 22 निवासी ग्राम हिर्री थाना सारंगढ़ द्वारा नाबालिक पीड़ित बालिका को शादी करने का झांसा देकर निरंतर शारीरिक संबंध बनाया था।




पीड़ित बालिका द्वारा थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया था, जिस पर थाना सारंगढ़ मे अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। पीडित बालिका की उम्र 18 वर्ष से कम होने पर प्रकरण लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का पाये जाने से अपर सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश द्वारा मामले का त्वरित विचारण कर सभी साक्ष्यों एवं गवाहों के बयान पर विचार करने के बाद आरोपी को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 4 ,1 में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 64, 2, एम के तहत 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है। अदालत के द्वारा मामले की सवेदनशीलता को देखते हुए पीडिता के शारीरिक एवं मानसिक क्षति एवं पुनर्वास हेतु लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के अंतर्गत पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के तहत राज्य शासन को प्रतिकर भुगतान किये जाने की अनुशंसा की गई है। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सुरक्षा प्रदान करता है। यह फैसला बाल सुरक्षा एवं यौन अपराध के खिलाफ राज्य शासन एवं न्याय पालिका की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रभावित करता है। इस प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रफुल्ल कुमार तिवारी ने अभियोजन का पक्ष रखते हुए पैरवी की।

### जनदर्शन के आवेदनों पर त्वरित पहल

**रायगढ़।** जिला प्रशासन द्वारा जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम बुलेकेरा विकासखंड घरघोड़ा निवासी दिव्यांग छात्र गोविंद दास को उच्च शिक्षा हेतु लैपटॉप उपलब्ध कराया गया। जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन के दौरान ग्राम बुलेकेरा निवासी मनबन्धु दास ने कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्र गोविंद दास की शिक्षा में आ रही आर्थिक कठिनाइयों की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि गोविंद दास डिग्री कॉलेज में एमएए की पढ़ाई कर रहा है।







